Celebrating India and Oman's Friendship

India and Oman are linked by geography, history, and culture and enjoy warm and cordial relations. While people-to-people contact between India and Oman can be traced back to 5000 years, diplomatic relations were established in 1955, which got upgraded to a Strategic Partnership in 2008. After that, the political engagement between the two countries has taken on a more strategic shape.

As a mark of this special friendship, India has extended an invitation to the Sultanate of Oman to participate as a guest country during India's Presidency of the Group of 20 nations (G-20). This is a symbol of the time-tested friendship between India and Oman and opens up new possibilities for deepening cooperation between the two countries.

To commemorate the long historic friendship and cultural similarities between India and Oman, India Post and Oman Post agreed to the issuance of India-Oman Joint Stamp. An MOU in this regard was signed by the Department of Posts, Ministry of Communications, Government of India and Oman Post on 21 March 2022. The two sides agreed on the theme of traditional dance forms of India and Oman for this joint stamp issue.

The artwork for the joint stamp has been created by Mrs. Soni Budhia, an Indian artist living in Oman over the past 12 years. The artwork showcases the traditional dance forms of India and Oman and the iconic architectural symbols of both countries. The Indian image is showcased with Hawa Mahal, a well-known landmark from the city of Jaipur, while the Omani image is showcased on the backdrop with the iconic Fort Nizwa, which is one of the most identifiable landmarks of Oman.

The launch of India-Oman Joint Stamp marks a historic milestone in the long-standing relationship between India and Oman and will be cherished by both philatelists and art enthusiasts in both countries.

Dandiya Raas is a popular folk dance from the state of Gujarat in India. Dandiya Raas is a rhythmic dance performed by young people moving around in a circle in measured steps to the beat of dandiya or sticks that they carry in their hands. The rhythm is maintained by the clacking sticks, with clapping hands keeping pace. The Dandiya Raas is performed with traditional songs and folk tunes to the beat of the dhol and the wind instrument Shehnai. It is associated with the autumn festival of Navaratri.

As precious gems rooted deep in Omani heritage, various folk arts are passed from generation to the next in the Sultanate of Oman. They are living manifestations of the nation's values, norms and behaviors that Omanis so proudly exhibit and celebrate in breathtaking spectacles brimming with national pride.

A key component of Oman's artistic heritage is Al Razha, an ancient folk art widely known across the Sultanate. It is a choreographed duel between two fighters, called Zavenin, armed with swords and shields and accompanied by passages recited by great poets.

This magnificent performance is considered an artistic display of people's celebration and happiness. It was primarily used as a call to arms, a declaration of victory or was a from of traditional celebration and entertainment during holidays and gatherings.

Al Razha is performed in various styles depending on the performers' movements, the rhythm and tempo and the subject of accompanying poems. Main styles of this traditional artform include Himbel, Qusafi and Lal Al Oud.

Department of Posts is pleased to commemorate India and Oman Friendship through the Joint Issue of Commemorative Postage Stamp and celebrates the warmth, goodwill and friendship between the two nations.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure	:	Mrs. Soni Budhia & Mr. Brahm Prakash
Cancellation Cachet	:	Mrs. Nenu Gupta
Text :		Referenced from content provided by Ministry of External Affairs

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS



भारत और ओमान के मैत्रीपूर्ण संबंध
CELEBRATING INDIA AND OMAN'S FRIENDSHIP

विवरणिका BROCHURE

भारत और ओमान के मैत्रीपूर्ण संबंध

भारत और ओमान भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से एक–दूसरे से जुड़े हैं और इनके पारस्परिक संबंध अत्यंत मधुर एवं सौहार्दपूर्ण हैं। दोनों देशों के लोगों के परस्पर संबंधों का इतिहास लगभग 5000 वर्ष पुराना है, परंतु इनके बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना 1955 में हुई और 2008 में इन संबंधों को राजनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित किया गया। उसके बाद से दोनों देशों के राजनीतिक संबंध कूटनीतिक स्वरूप के रहे हैं।

इस विशेष मैत्री के महत्व को रेखांकित करने के लिए, जी –20 (20 राष्ट्रों के समूह) की भारत की अध्यक्षता के दौरान, भारत ने ओमान सल्तनत को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया था। यह आमंत्रण, भारत और ओमान की समयसिद्ध मैत्री का प्रतीक है और दोनों देशों के बीच सहयोग की दिशा में और अधिक संभावनाएं उत्पन्न करता है।

भारत और ओमान की बीच दीर्घकालिक ऐतिहासिक मित्रता और सांस्कृतिक समानताओं की यादगार के तौर पर, भारतीय डाक और ओमान डाक ने भारत–ओमान संयुक्त डाक–टिकट जारी करने पर सहमति व्यक्त की। इस संबंध में डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार और ओमान डाक द्वारा 21 मार्च, 2022 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों ने इस संयुक्त डाक–टिकट इशू के लिए भारत और ओमान की पारंपरिक नृत्य शैलियों को विषय (थीम) के रूप में चुना है।

संयुक्त डाक–टिकट का डिजाइन (आर्टवर्क) श्रीमती सोनी बुधिया द्वारा तैयार किया गया है, जो कि भारतीय मूल की कलाकार हैं और 12 वर्ष से अधिक समय से ओमान में रह रही हैं। इस आर्टवर्क में भारत और ओमान की पारंपरिक नृत्यशैली और दोनों देशों के विशिष्ट वास्तुशिल्पीय प्रतीकों को दर्शाया गया है। भारत के डाक–टिकट पर जयपुर शहर का प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल हवा महल चित्रित किया गया है, वहीं ओमान के डाक–टिकट की पृष्ठभूमि में विशिष्ट किला निजवा अंकित है, जो कि ओमान के सबसे मशहूर स्थलों में से एक है।

भारत–ओमान संयुक्त डाक–टिकट का जारी किया जाना, भारत और ओमान के बीच दीर्घकालिक संबंधों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है तथा यह दोनों देशों के डाक–टिकट संग्रहकर्ताओं और कला प्रेमियों, दोनों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेगा।

डांडिया रास, भारत के गुजरात राज्य की एक प्रसिद्ध लोक नृत्य शैली है। डांडिया रास, युवाओं द्वारा हाथों में ली गई डांडिया या छड़ियों की धुन पर कदम थिरकाते हुए घेरे में घूम–घूमकर किया जाने वाला लयबद्ध नृत्य है। तालियों के साथ–साथ डांडियों को बजाते हुए नर्तक कदम मिलाकर ताल बनाए रखते हैं। डांडिया रास, ढोल और सुषिर वाद्ययंत्र शहनाई पर पारंपरिक गीत और लोक धुन बजाकर किया जाता है। यह नृत्य, शरद ऋतु के प्रसिद्ध त्यौहार नवरात्रि से जुड़ा है।

ओमान सल्तनत में विभिन्न लोक कलाओं की समृद्ध विरासत का सफर बेशकीमती हीरे–जवहारात की भांति पीढ़ी–दर–पीढ़ी चला आ रहा है। ये लोक कलाएं, उन राष्ट्रीय मूल्यों और रीति–रिवाजों की जिंदा मिसाल हैं, जो ओमान के लोग पूरे गौरव के साथ प्रदर्शित करते हैं और जिनका जश्न वे राष्ट्रीय भावना में ओत–प्रोत होकर भव्य अंदाज में मनाते हैं।

ओमान की इस कलात्मक विरासत का एक अहम हिस्सा है – अल रज़ा, जो कि एक प्राचीन लोक कला है और समूचे सल्तनत में व्यापक रूप से जानी जाती है। यह, दो लड़ाकों के बीच कोरियोग्राफ किया गया द्वंद्वयुद्ध है। इन लड़ाकों को जैवेनिन कहा जाता है। दोनों योद्धा तलवारों और ढालों से लैस होते हैं। इस युद्ध के प्रदर्शन के दौरान महान कवियों के रचे काव्यांश भी सुनाए जाते हैं।

इस भव्य कार्यक्रम को लोगों के जश्न और खुशी का कलात्मक प्रदर्शन माना जाता है। इसका आयोजन मुख्यतः हथियार उठाने के युद्धघोष, फतह के ऐलान या अवकाश के दिनों अथवा आयोजनों के अवसर पर पारंपरिक जश्न और मनोरंजन के लिए किया जाता था।

अल रज़ा का प्रदर्शन विभिन्न शैलियों में किया जाता है, जो कलाकारों की मुद्राओं, लयबद्ध प्रस्तुति और प्रदर्शन में प्रयोग की गई कविता के विषय पर निर्भर होता है। इस पारंपरिक कला की प्रमुख शैलियों में हिम्बेल, कुसाफी और लाल अल औद शामिल हैं।

डाक विभाग, इस संयुक्त स्मारक डाक–टिकट के माध्यम से भारत–ओमान मैत्री को यादगार बनाते हुए दोनो देशों कें बीच गर्मजोशी, सद्भाव और मैत्री के बंधन को रेखांकित करता है।

आभार :

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका : श्रीमती सोनी बुधिया और श्री ब्रह्म प्रकाश

विरूपण कैशे : श्रीमती नीनू गुप्ता

पाठ : विदेश मंत्रालय से प्राप्त सामग्री के आधार पर

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	: 2500 पैसे 2500 पैसे
Denomination	: 2500 p, 2500 p
स्मारिका शीट मुल्य	: 5000 पैसा
Souvenir Sheet Price	: 5000 p
मुद्रित स्मारिका शीट	: 1,11,500
Souvenir Sheet Printed	: 1,11,500
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00